The Speaker made Valedictory Reference on the conclusion of the Fourteenth Session of the Seventeenth Lok Sabha

माननीय अध्यक्ष**:** अब हम सत्रहवीं लोक सभा के चौहदवें सत्र की समाप्ति की ओर आ गए हैं । इस सत्र का आरंभ दिनांक 4 दिसंबर, 2023 को हुआ था । इस सत्र में हमने 14 बैठकें कीं जो 61 घंटे और 50 मिनट तक चलीं । सत्र के दौरान कुल 12 सरकारी विधेयक लोक सभा में पुर:स्थापित किए गए । सत्र के दौरान कुल 18 सरकारी विधेयक लोक सभा में चर्चा के बाद पारित किए गए । सभा द्वारा पारित किए गए कुछ महत्वपूर्ण विधेयक इस तरीके से हैं - भारतीय न्याय संहिता 2023, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023, भारतीय साक्ष्य बिल 2023, केन्द्रीय वस्तु एवं सेवा कर (संशोधन) विधेयक 2023 एवं दूरसंचार विधेयक 2023 ।

सत्र के दौरान दिनांक 12 दिसंबर, 2023 को वर्ष 2023-24 के लिए अनुदानों की पूरक मांगें तथा वर्ष 2020-21 के लिए अनुदानों की एक्सेस मांगों पर मतदान द्वारा उन्हें पारित किया गया । सत्र के दौरान कुल 55 तारांकित प्रश्न पूछे गए । सत्र के दौरान नियम 377 के अधीन कुल 265 मामले उठाए गए । शून्य काल के दौरान कुल 182 मामले उठाए गए । सत्र के दौरान, लोक सभा विभागों से सम्बद्ध स्थायी समिति के 35 प्रतिवेदन सभा में प्रस्तुत किए गए । इस सत्र के दौरान निर्देश 73 क के अधीन सभा में 33 वक्तव्य दिए गए । इसके अतिरिक्त माननीय संसदीय कार्य मंत्री द्वारा भी एक वक्तव्य दिया गया । सत्र के दौरान प्रश्नों में शुद्धि करने वाले दो वक्तव्य सदन के पटल पर रखे गए । सत्र के दौरान, कुल 1930 पत्रों को सभा पटल पर रखा गया । लोक सभा के इस सत्र की कार्य उत्पादकता लगभग 74 प्रतिशत रही । माननीय सदस्यगण, दिनांक 18 दिसंबर, 2023 को श्रीलंका की संसद के अध्यक्ष के नेतृत्व में वहाँ के संसदीय शिष्टमंडल का सभा ने स्वागत किया । उन्होंने सभा में विशिष्ट दीर्घा में बैठकर सभा की कार्यवाही भी देखी ।

माननीय सदस्यगण, मैं सभा की कार्यवाही को पूरा करने में सभापति तालिका में शामिल मेरे माननीय साथियों को उनके योगदान के लिए आभार व्यक्त करता हूँ । मैं माननीय प्रधानमंत्री जी का, संसदीय कार्य मंत्री जी का, विभिन्न दलों के नेताओं का और माननीय सदस्यों के प्रति भी उनके सहयोग के लिए अत्यधिक आभारी हूँ । मैं आप सभी की ओर से प्रेस और मीडिया के मित्रों को भी धन्यवाद करता हूँ । इस अवसर पर, मैं सभा को प्रदान की गयी समर्पित और त्वरित सेवा के लिए लोक सभा सचिवालय के महासचिव और अधिकारियों तथा कर्मचारियों की सराहना करता हूँ । मैं सभा की कार्यवाही के संचालन में सम्बद्ध एजेंसियों को उनके द्वारा प्रदान की गई सहायता के लिए भी धन्यवाद देता हूँ ।

माननीय अध्यक्ष: माननीय सदस्यगण, कृपया हम "वन्दे मातरम्" के लिए खड़े हो जाएं ।

16.13 hrs

NATIONAL SONG

The National Song was played.

माननीय अध्यक्ष ***:*** सभा की कार्यवाही अनिश्चित काल के लिए स्थगित की जाती है ।

16.15 hrs

The Lok Sabha then adjourned sine die.

INTERNET

The Original Version of Lok Sabha proceedings is available on Parliament of India Website and Lok Sabha Website at the following addresses:

www.sansad.in/ls

LIVE TELECAST OF PROCEEDINGS OF LOK SABHA

Lok Sabha proceedings are being telecast live on Sansad T.V. Channel. Live telecast begins at 11 A.M. everyday the Lok Sabha sits, till the adjournment of the House.

Published under Rules 379 and 382 of the Rules of Procedure and Conduct of Business

in Lok Sabha (Sixteenth Edition)

** Moved with the recommendation of the President.

* Expunged as ordered by the Chair.

* Expunged as ordered by the Chair.